भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1820
उत्तर दिनांक 10/12/2025 को दिया गया

परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025 को पुरःस्थापित करना

1820. डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रही

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार का नागरिक परमाणु क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को अनुमति देने के उद्देश्य से परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025 को शीतकालीन सत्र में पुरःस्थापित करने का विचार है और यदि हाँ, तो ततसंबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यावरणीय मानकों से जुड़े जोखिमों को कम करते हुए वर्ष 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु क्षमता लक्ष्य की जल्द से जल्द प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा प्रस्तावित विशिष्ट विनियामक सुरक्षा उपायों और प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) व (ख) सरकार परमाणु ऊर्जा विधेयक 2025 प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में है। निजी क्षेत्र की भागीदारी संबंधी विवरण अंतिम रूप से तैयार किए जा रहे हैं और जल्द ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

*****